क्राउन पर्थ
सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न (स्व-बहिष्करण-स्वयं को जुआ खेलने से बाहर रखना) से Revocation या उसे रद्द करवाने तक

सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न (स्व-बहिष्करण-स्वयं को जुआ खेलने से बाहर रखना)

सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न एक कार्यक्रम है जो यह सुविधा देता है कि अतिथि स्वयं अपनी इच्छा से 12 महीने की न्यूनतम अवधि के लिए क्राउन के जुआ खेलने के क्षेत्रों से बाहर रह सकते हैं, इससे अधिक अवधि के लिए भी विकल्प उपलब्ध हैं। अतिथि क्राउन प्लेसेफ़ वेबसाइट पर, क्राउन प्लेसेफ़ सेंटर पर, या क्राउन प्लेसेफ़ टीम से संपर्क करके "सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न (स्व-बहिष्करण) के लिए आवेदन-पत्र" प्राप्त कर सकते हैं, और यह टीम हर क़दम पर सहायता करने के लिए यहाँ मौजूद हैं।



अतिथि “सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न के लिए आवेदन-पत्र” भर सकते हैं और उसे क्राउन प्लेसेफ़ सेंटर में व्यक्तिगत रूप से, क्राउन प्लेसेफ़ की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन, या ईमेल से भेज कर जमा कर सकते हैं। अतिथियों को क्राउन रिसॉर्ट्स सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न की ओर से पुष्टि प्राप्त होगी।



अतिथियों को अपने सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न के दौरान सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सहायता प्राप्त करने के विकल्प क्राउन प्लेसेफ़ वेबसाइट पर या क्राउन प्लेसेफ़ टीम से संपर्क करके प्राप्त किए जा सकते हैं।

सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न के दौरान, अतिथि गेमिंग क्षेत्रों के बाहर क्राउन रिसॉर्ट्स द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य सभी सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं, जिनमें भोजन, मनोरंजन और होटल शामिल हैं।

रद्द करना (Revocation) (सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न को समाप्त करना)

एक बार सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न की अवधि पूरी हो जाने के बाद, कुछ अतिथि यह निर्णय लेते हैं कि वे कसीनो में वापस जाना चाहेंगे। ऐसा करने के लिए, अतिथि को पहले “रद्द करने के कार्य को पूरा करना होगा”। रद्द करना (Revocation) एक ऐसा कार्यक्रम है जो क्राउन और अतिथि की यह आकलन करने में सहायता करता है कि अतिथि के लिए वापस लौटना सुरक्षित है या नहीं।

अतिथि {वापस लौटने की} अपनी पात्रता की पुष्टि करने के लिए क्राउन प्लेसेफ़ टीम के सदस्य से बात कर सकते हैं। यदि पात्र हैं, तो अतिथि “रद्द करने के कार्य के लिए आवेदन-पत्र" पूरा करके जमा कर सकते हैं। आवेदन-पत्र क्राउन प्लेसेफ़ की वेबसाइट पर मिल सकता है या क्राउन प्लेसेफ़ टीम से संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं।

यह विचार करने के लिए कि क्या अतिथि के लिए वापस लौटना सुरक्षित है, अतिथि:
- “रद्द करने के संबंध में बाहरी सेवा के साथ परामर्श में भाग लेता है; और
- यदि आवश्यकता हो तो अतिथि वापस लौटने के निर्णय पर आगे चर्चा करने के लिए क्राउन प्लेसेफ़ टीम से मिलता है।

यदि “रद्द करने की अनुमति दी जाती है, तो अतिथि को सुरक्षित वापसी के लिए क्राउन प्लेसेफ़ टीम के साथ एक योजना तैयार करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

Crown PlaySafe

A more enjoyable way to play
Crown PlaySafe Centre 1800 801 098
Helpline 1800 858 858
gamblinghelponline.org.au

अधिक जानकारी चाहिए?

- क्राउन प्लेसेफ़ टीम के सदस्य से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें या 1800 801 098 पर कॉल करें
- ईमेल cps@crownperth.com.au (यदि आवश्यकता हो तो दुभाषिए की व्यवस्था की जा सकती है)
- crownperth.com.au/crown-playsafe पर जाएँ

CROWN

सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न की प्रक्रिया में क़ानूनी रूप से बाध्यकारी दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करना शामिल है। सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न के नियमों और शर्तों की पूरी सूची “क्राउन कसीनो से सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न के लिए आवेदन-पत्र” (“Application for Self-Exclusion from Crown Casinos”) पर उपलब्ध है।
यह निर्धारित करने के लिए कि सेल्फ़-इक्स्क्लूज़न आपके लिए सही है या नहीं हम आपको तीसरे पक्ष से सलाह या सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।